अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ की कैरियर एवं काउंसलिंग सैल के तत्वावधान में हुआ स्किल साथी राष्ट्रीय परामर्श कार्यक्रम का आगाज़

आज दिनांक 05 मार्च, 2019 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में स्किल साथी राष्ट्रीय परामर्श कार्यक्रम का प्रारम्भ हुआ जिसमें 05 मार्च से 18 मार्च 2019 तक विद्यार्थियों के लिए परामर्श सत्रों का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन आई.एल.&एफ.एस. (IL&FS) स्किल इंस्टिट्यूट, दिल्ली के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम के शुभारम्भ के अवसर पर IL&FS कि तरफ से श्री कविराज कटारिया, निदेशक, प्रधानमंत्री कौशल विकास केन्द्र, दक्षिणी दिल्ली अपनी टीम के अन्य साथी फाहीम उर रहमान, रवि जिनवाल, जितेन्द्र यादव, कृष्ण कुमार एवं सुभाष कुमार के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में विद्यार्थियों को सरकार द्वारा कौशल विकास के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया। सईको मीट्रिक टैस्ट में एक प्रश्नपत्र के माध्यम से विद्यार्थियों को क्या व्यवसार चुनना चाहिए इसके बारे में मार्ग दर्शन दिया गया ताकि वे जीवन में अच्छा कर सकें। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि आपकी भाग्य रेखा आपकी कर्म रेखा बन जाए तो आप जीवन में चमत्कारिक कार्य कर सकते हो। इस सत्र में लगभग 102 विद्यार्थियों ने भाग लिया एवं कार्यक्रम में काफी रूचि दिखाई। इस मौके पर आई.एल.&एफ.एस. केन्द्र की तरफ से अग्रवाल महाविद्यालय द्वारा कौशल विकास के क्षेत्र में लिए गए सार्थक प्रयासों एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशंसा पत्र भी प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की कैरियर एवं काउंसलिग सैल के संयोजक डॉ. मनोज शुक्ला भी मौजूद थे।